DOIT.C
Department of Information Technology & Communication, Rajasthan

राजस्थान सरकार

# जिला कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, दौसा

**Tel: 01427-224335 email: dlo.doit.dausa@rajasthan.gov.in website: https://doitc.rajasthan.gov.in**

क्रमांकःसू.प्रौ.सं.वि./Telecom/ दिनांकः

## बैठक–कार्यवाही विवरण

**District Level Telecom Committee (DLTC)** की साधारण सभा की बैठक दिनांक 10.07.2024 (बुधवार) को दोपहर 03:00 बजे श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट के मीटिंग हॉल में आहूत की गयी। इस बैठक में समिति के निम्न पदाधिकारी उपस्थिति हुएः–

| | |
|---|---|
| 1. | श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय, दौसा |
| 2. | श्रीमान् मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, दौसा |
| 3. | उपखण्ड अधिकारी, दौसा/बांदीकुई/लालसोट/महवा/सिकराय/रामगढ पचवारा/मंडावर/लवाण/बसवा/सैंथल/नांगल राजावतान |
| 4. | आयुक्त, नगर परिषद्, दौसा |
| 5. | सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक), सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, दौसा |
| 6. | उपमंडल अभियंता (टेलिकॉम), BSNL |
| 7. | अधीशाषी अभियंता, जल संसाधन विभाग, दौसा |
| 8. | प्रतिनिधि, Reliance Jio |

**DLTC की साधारण सभा बैठक–कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है–**

1. सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक), सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग ने बताया कि RoW Portal पर जिले के राजस्व विभाग से संबंधित **31 आवेदन लंबित हैं**। लंबित 31 प्रकरणों में से **2 आवेदन वर्ष 2022 के** तथा 29 प्रकरण वर्ष 2023 के लंबित हैं, जिसे राज्य स्तर से गंभीरता से लिया जा रहा हैं। लंबित सभी 31 आवेदन **Pending with Accounts** स्थिति में हैं। समीक्षा करने पर पाया गया की संबंधित उपखंड अधिकारी के स्तर से की जाने वाली **Revenue Accounts** रोल की मैपिंग उपलब्ध नहीं होने के कारण लंबित आवेदनों पर अग्रिम कार्यवाही नहीं हो सकी हैं। श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित उपखण्ड अधिकारियों को **Revenue Accounts** रोल की मैपिंग करवाते हुए लंबित समस्त आवेदनों को 3 कार्यदिवस में निस्तारित किये जाने हेतु निर्देशित किया।

2. Reliance Jio प्रतिनिधि द्वारा बताया गया की **Existing Towers Regularization** से संबंधित लगभग 70 आवेदन विभिन्न उपखंड़ अधिकारियों के स्तर पर **NOC** जारी करने हेतु लंबित हैं **(सलंग्न)**। जिनमें से 28 आवेदनों की तो डिमांड नोट राशि भी जमा करवाई जा चुकी हैं, शेष 42 आवेदनों के डिमांड नोट जारी नहीं किये गये हैं। श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय ने सभी उपखंड़ अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन **Existing Towers Regularization** से संबंधित आवेदनों की डिमांड नोट राशि जमा हो चुकी हैं, उनकी शीघ्र **NOC** जारी करें तथा शेष आवेदनों हेतु डिमांड नोट जारी करें। साथ ही फर्म को निर्देशित किया की जिन ऑफलाईन आवेदनों की अनुमति जारी की जा चुकी हैं, उन्हें RoW Portal से शीघ्र Withdrawn किया जाये।

3. BSNL के Sub-Divisional Engineer (Telecom) ने बताया कि BSNL की टीम के द्वारा जिले में 4G मोबाईल टावर लगाने हेतु 21 गांवों में भूमि चिन्हित की गई थी, सभी गांवों में भूमि का आवंटन किया जा चुका है एवं 18 गांवों में टॉवर भी स्थापित किये जा चुके हैं, जिन्हें शीघ्र ही क्रियाशील करवाया जावेगा। साथ ही बताया की महवा की ग्राम पंचायत हडिया के अंछापुरा में टॉवर लगाने के दौरान आमजन द्वारा विरोध किया जाता हैं। इस संबंध में श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय द्वारा उपखंड अधिकरी, लालसोट के माध्यम से पुलिस जाप्ता लेकर कार्य करवाने हेतु BSNL को निर्देशित किया गया, साथ ही श्रीमान् द्वारा निर्देशित किया की स्थापित किये जा चुके टॉवरो को JVVNL आदि संबंधित विभागों से समन्वय कर शीघ्र क्रियाशील करवाया जावें।

4. श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय द्वारा लालसोट उपखंड़ के घाटा एवं धौण क्षेत्र में टॉवर के संबंध में जानकारी चाही तो BSNL के Sub-Divisional Engineer (Telecom) ने बताया की इस संबंध में वन विभाग तथा उपखंड़ अधिकारी, लालसोट के स्तर से संयुक्त रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी हैं। श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय ने इस हेतु शीघ्र कार्यवाही कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए उपखंड़ अधिकारी, लालसोट को निर्देशित किया गया।

RajKaj Ref 8923496.
Validity unknown Signature valid
Digitally signed by Rad[illegible] Shyam Bairwa
Designation : System Analyst (Joint Director)
Date: 2024.07.12 [illegible]10:03 IST
Reason: Approved

5. सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक), सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा **CBuD (Call Before U Dig)** मोबाईल एप्लीकेशन/पोर्टल की उपयोगिता/कार्यप्रणाली तथा इसका अधिकत्तम उपयोग किये जाने के संबंध में राज्य स्तर से प्रापत होने वाले निर्देशों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस संबंध में श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय द्वारा सभी संबंधित विभागों को अपने राज्य स्तरीय नोड़ल अधिकारियों से समन्वय कर **CBuD** पोर्टल पर मैपिंग करवाये जाने तथा आगामी कार्यदिश/ **NOC** जारी करते समय आवश्यक रुप से **CBuD** का उपयोग करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही सभी संबंधित निर्देशित किया की अधिनस्थ कार्यकारी एजेंसी को भी कार्य प्रारंभ करने से पूर्व **CBuD** एप्लीकेशन के माध्यम से विभागों से **Acceptance/NOC** प्राप्त करने हेतु पांबद करें।

उक्त बैठक, श्रीमान अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर महोदय द्वारा सधन्यवाद समाप्त की गयी।

**(आर. एस. बैरवा)**
**सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक)**
**सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग**
**दौसा**

क्रमांकः सू.प्रौ.सं.वि./ Telecom/ दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः-

1. निजी सहायक, श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय, दौसा।
2. निजी सहायक, श्रीमान् अति. जिला कलक्टर महोदया, दौसा।
3. श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी (समस्त), जिला-दौसा।
4. श्रीमान् आयुक्त, नगर परिषद्, दौसा।
5. श्री आशीष गुप्ता, सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक), सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
6. श्री महावीर प्रसाद मीना, सहायक निदेशक, DoT, जयपुर, राजस्थान।
7. श्री प्रमोद शर्मा, राजस्थान स्टेट नोड़ल, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
8. मंडल/उपमंडल अधिकारी(BSNL), दौसा।
9. टेलिकॉम कम्पनी प्रतिनिधि रिलायन्स जियो/Indus Tower
10. कार्यालय प्रति।

**सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक)**

RajKaj Ref
8923496

Validity unknownSignature valid

Digitally signed by Radhey Shyam Bairwa
Designation : System Analyst (Joint Director)
Date: 2024.07.12 10:10:03 IST
Reason: Approved